Need to set up street lights in Bhopal Parliamentary Constituency

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल): हमारे संसदीय क्षेत्र भोपाल, सीहोर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बहुत से स्थान ऐसे हैं, जहां रात्रि में प्रकाश का अभाव है। जिससे कई दुर्घटनाएं हो जाती हैं। महिलाओं, बालिकाओं व अन्य सामाजिक सुरक्षा की हानि होती है। अतः छोटे गांव व बड़े गांव और शहरी क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुपात में यांत्रिक व सौर ऊर्जा से संचालित विद्युत उपकरण (स्ट्रीट लाइट) की पूर्ति की जाए। जिससे कि सामाजिक सुरक्षा व क्षेत्र के विकास में हम आगे बढ़ सकें ।